# 5. न्यायपालिका

**प्रश्न : न्यायपालिका क्या है ?**

**उत्तर : न्यायपालिका एक संवैधानिक संस्था है | जो भारतीय संविधान के अनुसार सबको न्याय देता है और कार्य करता है | यह सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है |**

**प्रश्न : हमें न्यायपालिका की आवश्यकता क्यों है ?**

**उत्तर : हमें निम्न कारणों से न्यायपालिका की आवश्यकता है -**

**(i) कानून का शासन स्थापित करने के लिए |**

**(ii) विवादों का निपटारा करने के लिए |**

**(iii) न्यायिक समीक्षा के लिए |**

**(iv) कानून की रक्षा और मौलिक अधिकारों का क्रियान्वयन के लिए |**

**(v) संविधान की व्याख्या के लिए |**

**प्रश्न : स्वतंत्र न्यायपालिका का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर : स्वतंत्र न्यायपालिका का अर्थ है कि कोई न्यायपालिका संविधान के अनुसार ही कार्य एवं न्याय दे उसके कार्यों में कोई राजनितिक या बाहरी हस्तक्षेप या दबाव न हो |**